अतारांकित प्र०क्र० - 4081 का उत्तर परिशिष्ट - 01

(1)

मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय भोपाल

क्रमॉक / बी-10-232 / 2015 / 14-2 भोपाल, दिनॉक 17 फरवरी 2016

प्रति,

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश विधानसभा
सचिवालय, भोपाल।

विषयः-विधानसभा तारांकित प्रश्न कमॉक 1002 व्दारा माननीय विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल।
संदर्भः-विभागीय समसंख्यक पत्र दिनॉक 07 / 12 / 2015

--

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का कृपया अवलोकन करें, जिसके व्दारा विधानसभा तारांकित प्रश्न कमॉक 1002 का उत्तर जानकारी एकत्रित की जा रही है, समसंख्यक पत्र दिनॉक 07.12.2015 व्दारा विधानसभा सचिवालय को भेजा गया था।

अतः अनुरोध है कि विधानसभा तारांकित प्रश्न कमॉक 1002 का पूर्ण उत्तर तीन प्रतियों में आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित् है।

संलग्न-उपरोक्तानुसार

(बी.एस.धुर्वे)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : 07/12/2015

सदन में उत्तर देने का दिनांक : 12/14/2015 12:00:00 AM

विभाग का नाम : किसान कल्याण तथा कृषि विकास

...य : बीज ग्राम योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण ।

(तारांकित प्रश्न क्रमांक : 1002) श्री प्रदीप अग्रवाल

क्या किसान कल्याण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) दतिया जिलान्तर्गत वर्ष 2013-14 एवं 14-15 बीज ग्राम योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण बाबत् कितना बजट (आवंटन) खरीफ/रवि की फसल के लिये दिया गया एवं इसके विरूद्ध कृषि विभाग द्वारा कितनी-कितनी राशि विकासखण्डवार वितरित की गयी ?

(ख) कंडिका (क) में वर्णित राशि के उपयोग के लिये वरिष्ठ कृषि अधिकारियों द्वारा किस-किस दिनांक को किन अधिकारियों द्वारा किस-किस ग्राम में कितने किसानों को प्रशिक्षण दिलाया गया तथा राशि का कौन-कौन से मद से व्यय किया गया विकासखण्डवार सूची उपलब्ध करायी जाये ?

(ग) क्या दतिया जिले में विगत कई वर्षों से एक ही परिवार के लोगों को बार-बार लाभ दिया जा रहा है एवं अधिकारियों व दलालों की मिली भगत से शासन की योजनाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है ? यदि नहीं तो विगत 3 वर्षों की हितग्राहियों की सूची उपलब्ध करायी जाये ?

(घ) एक ही योजना में एक पंचवर्षीय में एक ही व्यक्ति को कितनी बार लाभान्वित किया जा सकता है ? यदि नियम विरूद्ध कार्य हुआ है तो उसके लिये कौन-कौन से अधिकारी तथा कौन-कौन से वितरक दोषी है एवं उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की जायेगी ?

-२-

उत्तर

विधान सभा प्रश्न क्रमांक 1002 तारांकित का उत्तर

गौरी शंकर बिसेन, मान0 मंत्री, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

(क) दतिया जिला में बीजग्राम योजना में प्रशिक्षण हेतु वर्ष 2013-14 में राशि रूपये 61.33 लाख तथा वर्ष 2014-15 में राशि रूपयें 3.00 लाख दिया गया । जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र -1 अनुसार है ।

(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र -2 अनुसार है ।

(ग) जी नहीं । विगत 3 वर्षो की हितग्राहियों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र -3 अनुसार सूची है ।

(घ) योजना के प्रावधान अनुसार पात्र हितग्राही को लाभांवित किया जाता है ।नियम विरूद्व कोई कार्य नहीं हुआ है । अतः कार्यवाही का प्रश्न नहीं उठता है ।

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन,
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग,
मंत्रालय, भोपाल

परिशिष्ट 01 पृष्ठ क्रमांक 01 से 02 तक

19/02/2016
ADA (Seed)

अनुभाग अधिकारी
म० प्र० शासन